आपका स्वागत है।

हम यहां आपका समर्थन करने के लिए हैं।

आपकी भलाई महत्वपूर्ण है।



domestic violence SERVICE MANAGEMENT

हम सभी लोगों का स्वागत करते हैं।
हम लोगों द्वारा जिये गए और प्रकट किए गए लिंग और पहचान के अनुसार उनका सम्मान और उनके साथ काम करते हैं।

घरेलू हिंसा NSW सेवा प्रबंधन पंजीकृत चैरिटी है (ABN 26 165 400 635)

दुभाषिया

भाषा सहायता के लिए पूछें

हम कहां और कैसे काम करते हैं

DVSM इनर सिडनी, वेस्टर्न सिडनी और ग्रामीण NSW में विल्कैनिया में सेवा प्रदान करता है।

हमारा दृष्टिकोण व्यक्ति केंद्रित है, जो आपकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं की पहचान, समझ और उत्तर के लिए मामला प्रबंधन प्रक्रिया का उपयोग करता है।

आपके साथ साझेदारी में, हम प्रभावी रूप से आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए काम करेंगे, और साथ ही आपको भविष्य में जरूरत पड़ने पर कोई भी समर्थन मांगने में सक्षम करेंगे।

इसके लिए हमें व्यापक सेवा प्रणाली के साथ काम करने और आपको अपने अल्प, मध्य और दीर्घ-कालिक लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सबसे उपयुक्त समर्थन से जोड़ने की आवश्यकता होगी।



आपकी कहानी। आपकी जरूरतें। आपकी उम्मीदें।

हमारे मूल्य हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं: व्यक्ति केंद्रित

हिंसा कभी भी स्वीकार्य और क्षमा योग्य नहीं है।

अपने सभी स्वरूपों में घरेलू और पारिवारिक हिंसा मूलभूत मानव अधिकारों का हनन है। हम सभी को हिंसा मुक्त जीवन जीने का अधिकार है। बच्चों का सुरक्षा का अधिकार सर्वोपरि है। 'सुरक्षित' होना शारीरिक रूप से सुरक्षित होने से कहीं अधिक है - यह भलाई के सभी पहलू समाहित करता है। घरेलू और पारिवारिक हिंसा का व्यक्ति की भलाई पर और उसके साथ समाज की भलाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

हमारा दृष्टिकोण व्यक्ति केंद्रित है।

हम जिन लोगों के साथ काम करते हैं, वे उनके जीवन से संबंध रखने वाले निर्णयों का केंद्र होते हैं। हम लोगों की वरीयताओं, आवश्यकताओं, और मूल्यों के प्रति सम्मानजनक और संवेदनशील हैं। हम प्रतिस्पर्धी अधिकारों, जोखिमों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए किए गए चयनन का सम्मान करते हैं।

हम व्यक्ति की गरिमा को बनाए रखते हैं।

हम लोगों को अपने स्वयं के जीवन के विशेषज्ञ और नेतृत्वकर्ता के रूप में देखते हैं। हर किसी के पास चयन करने की क्षमता है, जिसमें अपने जोखिम, सुरक्षा और भलाई और बदलाव लाने से संबंधित चयन शामिल हैं। हम किसी व्यक्ति की क्षमताओं को विकसित करने, आशा को संरक्षित रखने और हानि न पहुंचाने का ध्यान रखते हैं।

सम्मान और समानता महत्वपूर्ण है।

हम स्वीकार करते हैं कि लोग लिंग, विकलांगता, उम्र, नस्ल, रंग, वंश, राष्ट्रीय मूल या जातीय मूल, या प्रवासी स्थिति, जिये गए और प्रकट किए गए लिंग और यौन पहचान या धार्मिक विश्वास के कारण भेदभाव का अनुभव कर सकते हैं। हम असमानता को उसके हर स्वरूप में दूर करने और विविधता को अपनाने के लिए काम करते हैं।

हम प्रभावी सेवाओं के डिजाइन और डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम वयस्कों, बच्चों और युवा लोगों की भलाई की भावना में जानकारी, सशक्तीकरण और उन स्थायी रणनीतियों के माध्यम से सुधार करना चाहते हैं, जो उन्हें समयबद्ध सेवाओं से परे जाकर समर्थन कर सके।

हम उचित उत्तर देते हैं।

हमें मिल जुलकर उन लोगों को जिम्मेदार ठहराना होगा, जो अपनी पसंद और कार्यों के लिए घरेलू और पारिवारिक हिंसा का उपयोग करते हैं। व्यक्ति और समुदाय की सुरक्षा बेहतर बनाने के लिए, हिंसा का उपयोग करने वाले लोगों के लिए प्रभावी रोकथाम और हस्तक्षेप की रणनीति समाधान का हिस्सा हैं।

सम्मान | सत्यनिष्ठा | उत्कृष्टता

हम स्टाफ की भलाई के लिए समर्थन वातावरण को प्रोत्साहित करते हैं।

हम एक दूसरे के अनुभवों और योगदान का सम्मान, कद्र करते हैं और उससे सीखते हैं। हम स्टाफ को खुद और दूसरों को निरंतर सुधार करने का नेतृत्व करने के लिए, उनकी पेशेवर संभावनाओं में विकसित होने का अवसर निर्मित करते हैं और समर्थन करते हैं। हम फीडबैक आमंत्रित करते हैं और उसे महत्व देते हैं, और एक दूसरे को हमारी आचार संहिता और व्यवहार संहिता के लिए उत्तरदायी ठहराते हैं।

हम सभी के लिए यह आवश्यक है कि परिवर्तन लाने की जिम्मेदारी लें।

हिंसा शून्य में मौजूद नहीं होती। हम सेवाओं, परिवार के सदस्यों और दोस्तों के रूप में किस तरह उत्तर करते हैं यह मायने रखता है। यह उत्तर संस्कृति, घरेलू और पारिवारिक हिंसा और लैंगिक भेदभाव की मीडिया और सामाजिक धारणाओं द्वारा सूचित होता है। हम दूसरों को प्रभावित करने और बदलाव लाने के लिए काम करते हैं।

हम सहयोग करते हैं।

हम संबद्धता और भाग लेने के स्थान के रूप में समुदाय के महत्व की कद्र करते हैं। हम व्यक्तियों और समुदायों की भविष्य की आशा में समर्थन करने के लिए काम करते हैं। हम एक दूसरे को सुनते हैं और सेवाओं को तैयार और वितरित करने के लिए साझेदारी में काम करते हैं। हम जानते हैं कि हम अकेले यह काम कर पाने में सक्षम नहीं हैं।

हम सत्यनिष्ठा और उत्कृष्टता के साथ काम करते हैं।

हम नैतिक रूप से, उत्तरदायित्व के साथ काम करके भरोसेमंद संबंध विकसित करते हैं और हम पारदर्शी रूप से संचालन करते हैं। हम साक्ष्य-सूचित कार्यक्रमों और सेवाओं के माध्यम से अपने काम में निरंतर सुधार करते हैं।



आप हमसे क्या अपेक्षा कर सकते हैं।



अधिकार और जिम्मेदारियां।

आपके प्रति हमारी प्रतिबद्धता है कि हम:

आपकी गरिमा को बनाए रखेंगे।



हम ऐसा करेंगे:

- अपने जीवन के विशेषज्ञ के रूप में आपका सम्मान करके;
- आपकी जरूरतों और प्राथमिकताओं की कद्र करके और उनके मुताबिक उत्तर देकर;
- समावेशी होकर, हम किसी भी आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे; और
- आपकी पसंद का सम्मान करके।

आपकी सुरक्षा और भलाई को विस्तार करेंगे।

हम ऐसा करेंगे:

- आपके साथ योजना विकसित करके। हम इस बारे में लचीले रहेंगे कि हम किस तरह मिलकर काम करते हैं;
- आपकी सुरक्षा और भलाई पर ध्यान देकर;
- आपकी देखरेख वाले बच्चे/बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में समर्थन देकर; और
- वे कार्रवाइयां करके जिनसे हम सहमत हैं।

आपको सुनेंगे।



हम ऐसा करेंगे:

- आपको आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने के लिए आपके साथ काम करके;
- आपके द्वारा चाहे गए परिणाम को प्राप्त करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके;
- आपको उन अन्य सेवाओं के साथ जोड़कर जो आपका समर्थन कर सकती हैं। यह आपका निर्णय है कि आप किस सेवा के साथ काम करना पसंद करते हैं; और
- हमारी सेवाओं के बारे में आपके दृष्टिकोण को सुनकर और विचार करके।

पेशेवर बनेंगे।

हम ऐसा करेंगे:

- आप और आपके परिवार को सुरक्षित रहने में समर्थन के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के उच्च मानकों को पूरा करके;
- आपकी जानकारी को निजी और गोपनीय रखकर, जब तक कि हमारा उसे साझा करने का कानूनी दायित्व न हो। हम आपको बताएंगे कि हम ऐसा कैसे करते हैं; और
- हमारी सेवाओं की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आपके लिए अवसर निर्मित करके।

हम आपसे क्या पूछते हैं।



अधिकार और जिम्मेदारियां।

हम आपसे बदले में यह चाहते हैं कि आप:

सम्मानजनक बनेंगे।



आप ऐसा कर सकते हैं:

- स्टाफ और अन्य परिवारों सहित, दूसरे लोगों का सम्मान करके:
- DVSM संपत्ति की देखभाल करके;
- सोशल मीडिया पर या समुदाय में अन्य लोगों की जानकारी निजी रखकर; और
- शराब या नशीली दवाओं के नशे से मुक्त होकर अपने अपॉइंटमेंट में शामिल होकर। यदि आप नशे के प्रभाव में हैं, तो कृपया इन्हें फिर से तय कर लें।

हमारे साथ काम करें।

आप ऐसा कर सकते हैं:

- आपका समर्थन करने के लिए हमें जिन बातों को जानने की आवश्यकता है, उन्हें हमें बताकर;
- अपनी समर्थन योजना में सक्रिय रूप से भागीदारी करके;
- जब चीजें बदलें, या जिन कार्यों पर हम सहमत हुए हैं, वे आपके लिए काम नहीं कर रहे, तो हमें बताकर; और
- कोई फीडबैक देकर या यदि आपको कोई शिकायत है, तो कृपया हमें बताएं, ताकि हम उसका समाधान कर सकें और भविष्य में चीजें बेहतर कर सकें।

हम यहां आपका समर्थन करने के लिए हैं। | हम उसे सुनेंगे जो आपके लिए महत्वपूर्ण है। | हम आपके प्रति सम्मान प्रदर्शित करेंगे।

आपकी भलाई महत्वपूर्ण है।

हम सभी के पास सुरक्षित रहने और महसूस करने का अधिकार है।

'सुरक्षित' होना शारीरिक रूप से सुरक्षित होने से कहीं अधिक है - यह भलाई के सभी पहलुओं समाहित करता है।

हम अपने कार्य में 'व्यक्ति केंद्रित' दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि हम अपने स्वयं के जीवन में विशेषज्ञ के रूप में आपका सम्मान करते हैं।

हम जानकारी और सेवाओं तक पहुंच के लिए आपका समर्थन करने के लिए हैं, ताकि आप अपने लिए सर्वोत्तम चुनाव कर सकें।

© 2017 DVSM | Sightlines

कृपया हमें बताएं कि आप हमारी सेवाओं के बारे में क्या सोचते हैं।



हम आपसे सुनना चाहते हैं और हम हमेशा फीडबैक की कद्र करते हैं।

हम आपके लिए चीजों को सही करने के लिए अपनी ओर से सर्वोत्तम प्रयास करते हैं। यदि हम ऐसा करते हैं, तो कृपया हमें बताएं और यदि हम नहीं करते, तो कृपया हमें बताएं ताकि हम उसका समाधान कर सकें और भविष्य में चीजें बेहतर कर सकें।

आप हमें फीडबैक दे सकते हैं या किसी भी समय हमसे शिकायत कर सकते हैं जब आप हमारी सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं या जब आप छोड़ते हैं।

क्या आप फीडबैक देने या शिकायत करने के बारे में सोच रहे हैं?

क्या हम बातचीत से शुरूआत कर सकते हैं?

यदि हां, तो कृपया स्टाफ सदस्य या सर्विस मैनेजर से बात करें।

यदि आप चाहें, तो आप निम्नलिखित के माध्यम से फीडबैक दे सकते हैं या शिकायत कर सकते हैं:

हमें ईमेल करें:

yourvoice@dvnswsm.org.au

हमें लिखें:

PO Box R898
Royal Exchange NSW 1225

DVSM वेबसाइटपर संपर्क फॉर्म:

www.dvnswsm.org.au

किसी भी समय, और यदि शिकायत का समाधान नहीं किया जाता, तो आप NSW लोकपाल से 02 9286 1000 पर या 1800 451 524 टोल फ्री (सिडनी मेट्रो के बाहर) पर संपर्क कर सकते हैं।

हमसे बात करें।



DVSM वेबसाइट www.dvnswsm.org.au

संभावित रूप से उपयोगी अन्य सेवाओं और नंबरों की अधिक जानकारी तथा विवरण के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

DVSM संपर्क विवरण

ROAR & DVAHS (वेस्टर्न सिडनी)

ईमेल roar@dvnswsm.org.au

फोन 02 9621 0800

MOMO (सिडनी सिटी)

ईमेल momo@dvnswsm.org.au

फोन 02 9251 2405 और विकल्प 1

WSH (दूरस्थ ग्रामीण NSW)

ईमेल wilcannia@dvnswsm.org.au

फोन 08 8091 5739

मुख्य कार्यालय (सिडनी सिटी)

ईमेल admin@dvnswsm.org.au

फोन 02 9251 2405 और विकल्प 2

बेघर होने या घरेलू और पारिवारिक हिंसा का अनुभव करने वाले लोग जानते हैं कि अपने आपको और अपने प्रियजनों को सुरक्षित कैसे रखें।

हम जानते हैं कि यदि हम अपनी सेवाओं को डिज़ाइन करने के लिए इन मुद्दों का अनुभव रखने वाले लोगों को शामिल करेंगे, तो हम अपने कामों और संचालित की जाने वाली सेवाओं के तरीकों में सुधार कर सकते हैं।

यदि आप इस बारे में और अधिक जानना चाहते हैं कि आप किस तरह शामिल हो सकते हैं, तो कृपया DVSM स्टाफ सदस्य से बात करें।

आपके नोट्स।

हमसे संपक करें

ई: dvahs@dvnswsm.org.au
टे: 02 9621 0888
वे: www.dvnswsm.org.au
: dvnswsm

© 2017 DVSM - Sightlines

संस्करण दिसंबर 2017
समीक्षा तिथि मई 2019

domestic violence SERVICE MANAGEMENT

sightlines
clear pathways to outcomes